ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने उत्तरप्रदेश के सैनिक कल्याण एवं नागरिक सुरक्षा मंत्री तथा पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी श्री चेतन चौहान के निधन पर शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 16 अगस्त 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने उत्तरप्रदेश के सैनिक कल्याण, नागरिक सुरक्षा, होम गार्ड्स तथा प्रान्तीय रक्षक दल विभाग के मंत्री तथा पूर्व सुप्रसिद्ध भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी श्री चेतन चौहान के निधन पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल श्री चौहान ने अपने शोकोद्‌गार में कहा है कि श्री चौहान के निधन से भारतीय–सामाजिक राजनीतिक तथा क्रीड़ा–जगत् को अपूरणीय क्षति हुई है।

राज्यपाल ने दिवंगत मंत्री की आत्मा को चिरशांति तथा शोक–संतप्त उनके परिजनों–प्रशंसकों को धैर्य–धारण की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

....